बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

प्रेस विज्ञप्ति

श्री राजेन्द्र कुमार कर्मशील, तत्कालीन उप निर्वाचन पदाधिकारी, जहानाबाद संप्रति सेवानिवृत्त उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान, वर्तमान पता/स्थायी पता–मकान संख्या–25, नेहरू नगर, रोड नं०–2, पो०+थाना–पाटलिपुत्रा, जिला–पटना, पिन–800013 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा से संबंधित स्पष्टीकरण प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में।

विभागीय संकल्प संख्या 3589 दिनांक 20.09.2016 द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार कर्मशील, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जहानाबाद के पद पर पदस्थापन काल में विभिन्न आरोपों के क्रम में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 17(2) के प्रावधान के तहत् विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया था एवं इसके लिए प्रमण्डलीय आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया था।

संचालन पदाधिकारी–सह–आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया के पत्रांक 2300 दिनांक 21.10.2019 द्वारा जांच प्रतिवेदन ससाक्ष्य संलग्न कर उपलब्ध कराया गया था। जिसके विभिन्न कंडिकाओं में आपके विरूद्ध अंकित आरोपों के संबंध में, विभागीय पत्रांक 7973 दिनांक 26.11.2019 द्वारा संचालन की जांच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न करते हुए आपसे द्वितीय कारण पृच्छा की गयी है, के संबंध में 15 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। जो आपके द्वारा समर्पित नहीं करने के कारण उक्त के संबंध में पुनः विभागीय पत्रांक 8298 दिनांक 23.12.2019 द्वारा स्मारित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने का अनुरोध आपसे किया गया है, जो अबतक अप्राप्त है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः अनुरोध है कि संचालन पदाधिकारी–सह–आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया के पत्रांक 2300 दिनांक 21.10.2019 द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन ससाक्ष्य, जो उपलब्ध कराया गया है, के संबंध में उपर्युक्त विभागीय पत्रों में निहित तथ्यों से संबंधित, आप अपना स्पष्टीकरण विभाग में एक सप्ताह के अन्दर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा यह समझा जायेगा कि उक्त के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा विभाग द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

Scanned by CamScanner